स्पीड न्यूज

## बोकारो : घर में घुसकर महिला से छेड़खानी और मारपीट



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदा गांव की 35 वर्षीय चंपा देवी के घर में घुसकर छेड़खानी व मारपीट करने के आरोपी धीरेन प्रजापति को देर रात कसमार पुलिस ने गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है। बगदा गांव निवासी सुरेंद्र महतो की 35 वर्षीय पुत्री चंपा देवी के साथ गांव के ही धीरेन प्रजापति ने घर में घुसकर छेड़खानी व ईट से मारकर बुरी तरह से जख्मी कर देने तथा सोना का मंगलसूत्र ले जाने का मामला कसमार थाने में पीड़िता ने लिखित आवेदन में दिया है। धीरेन प्रजापति द्वारा छेड़खानी करने का विरोध करने पर उसने ईट से सिर में वार कर दिया, जिसके बाद मै अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गयी। घटना के समय मेरे पति ऑटो लेकर बोकारो के लिए कुछ देर पहले निकले हुए थे। घायल महिला के पति सुरेन्द्र महतो को बच्चों व पड़ोस के द्वारा दी गयी सूचना पाकर घर पहुंचे तो देखा कि चंपा देवी की नाक से खून निकल रहा था चंपा देवी को कसमार सीएचसी में इलाज के बाद वहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## बेरमो : देसी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत जागेश्वर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक युवक को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जगेश्वर बिहार रेलवे स्टेशन के निकट गांजा अवैध रूप से बेचा जा रहा हैए इसी सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कीए जांच के दौरान एक युवक को पकड़ा गयाए जिसके पास देशी कट्टा बरामद किया गया। युवक सिकंदर रविदास रामगढ़ जिला के बड़गांव का निवासी है।

## कुमारधुबी में हिंदी कार्यशाला आयोजित

**कुमारधुबी।** सोमवार को मैथन परियोजना के सम्मेलन कक्ष मे हिंदी कार्यशाला का आयोजन राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में एसबीआई, गौहाटी के मुख्य प्रबन्धक राजभाषा श्री राजेश चतुर्वेदी थे। मुख्य वक्ता ने बताया कि कैसे कंप्यूटर से सरल रूप से हिंदी में काम किया जा सकता है। दाधानि मैथन के परियोजना प्रमुख श्री अंजनी कुमार दुबे ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यशाला में मैथन के 35 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया था। प्रतिभागियों के अतिरिक्त श्री मधुकांत झा , महाप्रबंधक असैनिक , श्री दिलीप कुमार देहुरी उपमहाप्रबंधक संचार, श्री अनूप पुरकायस्थ , उपमहाप्रबंधक प्रशासन विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी अरविंद सिंह ने किया।

### समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ने की डीएमएफटी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# गुणवत्ता के विपरीत कार्य हुआ तो एजेंसी ठेकेदार और अभियंता पर होगी कार्रवाई

**समीक्षा बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय के सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि योजना के दौरान मापदंड एवं गुणवत्ता के विपरीत कार्य करने पर कार्य एजेंसी, ठेकेदार व विभाग के अभियंता पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्ता के विपरीत कार्य होने पर सरकार और प्रशासन की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसा काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार से सही कार्य करवाना और उसे समय पर पूरा कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है। इसलिए सभी विभाग सही और अच्छा काम करने वाले ठेकेदार का ही चयन करें। किसी भी योजना में पेटी कॉन्ट्रैक्ट चलाने की अनुमति किसी भी ठेकेदार को नहीं दे। उन्होंने कहा कार्य के दौरान समस्या आने पर जिला मुख्यालय से चर्चा करके उसका समाधान निकाले। साथ ही कहा कि कोई भी योजना अधिक समय तक लंबित नहीं रहनी चाहिए। कार्य पूरा हो जाने पर मुख्यालय को उसका फोटोग्राफ उपलब्ध कराए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की हर सोमवार को समीक्षा की जाएगी। जो योजना वापस की गई है उसकी राशि समय से रिफंड करें। योजना पूरी होने पर यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट जमा करे। जिस योजना में समयावधि से अधिक समय लगा है उसकी विवरणी उपलब्ध कराएं।



डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा करते उपायुक्त।

**कानूडीह में जल्द पूरा करें सड़क निर्माण**

बैठक के दौरान उन्होंने बाघमारा प्रखंड कार्यालय के पास कानूडीह में सड़क निर्माण को प्राथमिकता देकर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही बिल्डिंग डिविजन, माइनर इरिगेशन, रूरल वर्क डिपार्टमेंट, रोड डिविजन, जुडको, भवन प्रमंडल सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, पीएचईडी एक एवं दो के कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी से रश्मि सिंह, सज्जाद सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## झरिया विधायक ने किया भालगोरा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करतीं झरिया विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधानसभा अंतर्गत भालगोरा (झखराज बाबा मंदिर के पास) लगभग 01 करोड़ के लागत से बनने वाले ऊपरकुल्ही पुराना बालू बंकर से भालगोरा भाया होरलाडीह कब्रिस्तान तक (लगभग 1.85 किलोमीटर लंबी) पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय सचेतक सत्तारूढ़ दल सह झरिया विधायक ने नारियल फोड़ कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए माननीय विधायक जी को फूल माला व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि इस कार्य का क्रियांवयन डीएम एफटी मद से ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, धनबाद द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने से जामाडोबा, जीतपुर, बोर्रागढ़, पुटकी, पाथरबंगला, गाड़ीवान पट्टी, भूतगढिया के लोगों को सुविधा होगी। मौके पर झरिया विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय, सूरज सिंह, अब्दुल करीम अंसारी, मुनवर गद्दी, गुड्डू सिंह, शेख सुलतान मौजूद थे।

## जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता साइकिल रैली

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को लेकर जागरूक करने के लिए साइकिल राइड का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन गरी पंचायत की मुखिया गीता देवी ने झंडी दिखाकर किया। यह साइकिल राइड कसमार प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक पेटरवार रोड प्रखंड कार्यालय में जाकर समाप्त हुआ । इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हमें एकजुट होना होगा। स्विचऑन फाउंडेशन ने कई विशेषज्ञों को इकठ्ठा किया और प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से वैश्विक साइक्लिंग अभियान का आयोजन किया। रैली में सहयोगिनी की सूर्यमणि देवी मंजू देवी शामिल थीं।

## अनन्या मिस और प्रियंका सिंह बनीं मिसेस सावन क्वीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धैया स्थित आमंत्रण बैंक्विट हॉल में सावन महोत्सव में मिस एवं मिसेस सावन क्वीन कॉन्टेस्ट के जज अर्पिता सेनगुप्ता ,अश्विनी लाला, अनीता मजूमदार एवं अर्चना सिंहा कुल 25 प्रतिभागियों के कैटवॉक, बॉडी लैंग्वेज, टैलेंट, कॉन्फिडेंस, साज सज्जा एवं पहनावा के आधार पर जजों ने जजमेंट किया गया । जिसमें मिस सावन क्वीन 23 अनन्या को घोषित किया गया। वहीं फर्स्ट रनर अप -माही,सेकंड रनर अप- नैना, मिसेस सावन क्वीन-23 की विजेता प्रियंका सिंह रही,फर्स्ट रनर अप - मोटूसी बनर्जी सेकंड रनर अप- तानिया सिंह बेस्ट थॉट - पूर्णिमा सिंह,बेस्ट स्माइल- पंपा पाल, बेस्ट डांस- श्रावणी कुमारी, बेस्ट कॉन्फिडेंस-कृष्णा डॉन,बेस्ट फिगर -दीपा मोदक को घोषित किया गया।



बचरा श्रमिक क्लब क्लस्टर पर पहुंचे मतदानकर्मी।

**बोकारो रोटरी ने किया रंगारंग कार्यक्रम**

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो द्वारा आयोजित सावन महोत्सव कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों द्वारा सावन पर आधारित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के चंद्रयान .3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग पर जश्न मनाकर किया गया। तदुपरांत रंगारंग शुरूआत कुंजला ने अपनी टीम के साथ मिलकर मधुर वाणी में कजरी की प्रस्तुति से की। युवा पीढ़ी के रोटेरियन सदस्यों द्वारा नवीन ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। मानसी और रानी अग्रवाल रोटेरियन अलका खोनेन एवं बिन्नी का नृत्य प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उम्र की ढलान पर भी अनिल त्रेहान एवं पूनम त्रेहानए भवानी शंकर जायसवाल एवं शीला जायसवाल और घनश्याम दास एवं नीलम की उमंग और उत्साह से भरे युगल नृत्य की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। संजय जैन सुनीता जैन डॉक्टर राजदीप एवं ए जी संध्या राज संजय तिवारी अनुपमा तिवारी प्रदीप रे और चंद्रिमा रे ने विभिन्न लोकप्रिय गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्रिमा रे ने किया। रोटरी क्लब चास और रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में काफी संख्या में हिस्सा लिया।

**एक नजर में**

## आधार अपडेट कराने का चालान सौ रुपये वसूला जा रहा डेढ़ सौ

**महुदा।** जनता की सहूलियत के लिये स्थापित किये गये बाघमारा प्रखंड के अंतर्गत रंगुनी पंचायत के पंचायत सचिवालय में स्थित प्रज्ञा केंद्र के संचालक द्वारा जाति, आवासीय, आय, आधार कार्ड, मनरेगा मजदूरी व पेंशन आदि में लाभुकों से अवैध वसूली किया जा रहा हैं। जिसकी शिकायत मोहलीडीह निचितपुर टाउनशिप निवासी मोह्न जावेद अख़्तर अंसारी ने ई-समाधान पोर्टल में उपायुक्त से किया हैं। उन्होंने अपने शिकायत में बताया हैं कि सोमवार 11 बजे वे रगुनी पंचायत सचिवालय स्थित प्रज्ञा केंद्र में अपना आधार कार्ड को अपडेट करवाने गया था। जिसके पश्चात प्रज्ञा केंद्र के संचालक पुरण दत्ता मेरा आधार अपडेट कर दिया और मुझे 100 रुपए का चालान दिया और मुझसे 150 रुपए की मांग करने लगा। जब मैने उनसे पूछा की 150 रुपए किस बात के तो उन्होने मुझे कहा की देना है तो दो वरना कहीं और से अपना काम करवा लेना। मैने उससे गूगल पेमेंट की सहायता से 150 रुपए का भुगतान किया। उन्होंने आगे लिखा की संचालक द्वारा जाति, आवासीय, आय, आधार कार्ड, मनरेगा मजदूरी व पेंशन आदि में लाभुकों से अवैध वसूली को लेकर पूर्व में उन्हें लोगों ने चेतावनी भी दी थी। बावजूद वे लोगों से अवैध वसूली कर रहे हैं।

## बीआईटी सिंदरी के निदेशक का अभिनंदन



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के नवनियुक्त निदेशक डॉ पंकज राय को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र ओढ़ाकर भारत सेवक समाज सिंदरी ने सोमवार को उनके कार्यालय में अभिनंदन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नवनियुक्त निदेशक सौम्य स्वभाव और मधुरवाणी के धनी व्यक्ति हैं। उनके कार्यकाल में बीआईटी सिंदरी उन्नति की ओर अग्रसर होगा। इसमें भारत सेवक समाज सिंदरी अध्यक्ष अजय कुमार, धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष एन के शर्मा, विदेशी सिंह, गोपाल तिवारी, अजय सिंह, पूर्णेन्दु सिंह, सरदार योगेंद्र सिंह, मो हाकिम, सत्येंद्र सिंह, सुरेश कुमार चौधरी, विमलेश कुमार, ए के अरुण, संतोष सिंह, मोहम्मद मिराज उपस्थित थे।

## सावन सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

**बेरमो।** सावन महीने के अंतिम सोमवारी को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक को लेकर कई मंदिर कमेटी द्वारा जल शोभा यात्रा निकाली गयीण पिछरी बस्ती स्थित श्री नर्मदेश्वर रूद्र मंदिर परिसर से पुजारी पवन पाठक के नेतृत्व में गाजेबाजे के साथ जल शोभा यात्रा निकाली गयीण शोभायात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए हथिया पत्थर स्थित उतरायण दामोदर नदी पहुंचा जहां श्रद्धालुओं ने अपने .अपने पात्र में जल भराण पुजारी पवन पाठक ने पूजा अर्चना कर संकल्प कियाण सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने नाचे गाते पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष गणेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच मच्छरदानी और ब्लीचिंग पाउडर का वितरण

**बाघमारा।** सोमवार को बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत त्रिशक्ति महिला समिति की ओर से खानुडीह पंचायत के आदिवासी सुदूर गांव गोपालपुर/नारायणपुर के दर्जनों ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी व ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया गया। त्रिशक्ति महिला समिति की अध्यक्ष श्वेता कुमारी ने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छरों के काटने से मलेरिया,डेंगू आदि बीमारी का प्रकोप फेल जाता है। उससे आदिवासी परिवार को बचाव के लिए मच्छरदानी का वितरण किया गया। साथ ही घर व अलग बगल में मच्छरों के प्रकोप न हो इसके लिए ब्लीचिंग पाउडर दिया गया ताकि ग्रामीण छिड़काव कर स्वयं को स्वस्थ व सुरक्षित रख सके। त्रिशक्ति महिला समिति द्वारा मच्छरदानी व ब्लीचिंग पाउडर मिलने पर आदिवासी समाज के लोगों ने सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सब अति सुदूर क्षेत्र से आते है जहां पानी,बिजली जैसी मूलभूत समस्या हमेसा बनी रहती है। इस पर समिति की अध्यक्ष ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

## बेरमो में मरीजों के बीच आई ड्रॉप का वितरण

**बेरमो।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बेरमो पहुंचे और मकलीएकरगली बाजार और कुरपनिया आदि जगहो मे 500 ग्रामीणों और जरूरतमंदों के बीच आई फ्लू से बचने के लिए आई ड्रॉप का निशुल्क वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंख को आई फ्लू से बचाने के लिए सावधानी बरतें। आंख को साफ पानी से साफ करें। किसी सदस्य में आई फ्लू के लक्षण हो तो आई ड्राप डालें।

## विज्ञान मेला : अपने मॉडल को और विकसित करें विद्यार्थी : प्रकाश

**विज्ञान मेला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**

**सरस्वती विद्या मंदिर भूली में ज्ञान-विज्ञान मेला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर भूली में ज्ञान-विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान, गणित एवं कम्प्यूटर पर आधारित एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ-साथ पत्रवाचन एवं प्रायोगिक की प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीटीए के कार्मिक प्रबंधक आनंद प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि भूलीनगर क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिजीत कुमार थे। अतिथियों को विद्यालय के प्राचार्य शिवबालक प्रसाद सिंह ने श्रीफल एवम अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री प्रकाश ने छात्रों से कहा कि आप ने बढ़िया प्रयास किया है , अपने मॉडल को और विकसित करें जिससे कि राष्ट्रीय स्तर पर आपकी पहचान बन सके। अपने समाज को कुछ देने का प्रयास करें। वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आपका विद्यालय समाज में विशेष स्थान रखता है क्योंकि यहां आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी सिखाए जाते हैं। विज्ञान मेला के संयोजक विनोद कुमार झा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। डॉ उमेश कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। संतोष कुमार गुप्ता ने पुरस्कारों की घोषणा की।

## साहित्योत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित तीन. दिवसीय साहित्योत्सव में विद्यार्थियों ने हिन्दी अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिताओं में जहां अपनी कुशल बौद्धिक व तार्किक क्षमता का परिचय दिया। तेजी से बढ़ता डिजिटलीकरण दुष्प्रचार एवं असत्य सूचना को बढ़ावा दे रहा है विषय पर अंग्रेजी वाद.विवाद प्रतियोगिता में झेलम सदन की श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी प्रथमए चेनाब की समृद्धि प्रताप दुबे व रावी हाउस की देवलीना बनर्जी द्वितीय तथा जमुना सदन की लीजा सिंह तृतीय स्थान पर रही। दूसरे दिन श्कृत्रिम बौद्धिक क्षमता का विकास. वरदान या अभिशापश विषय पर हिंदी वाद.विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में सतलज हाउस की अक्षरा रॉय शर्मा व झेलम के यश गौरव ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। जमुना सदन की हर्षिता सिंह दूसरे तथा चेनाब हाउस की प्राप्ति एवं रावी के पृथ्वी राज चौहान तीसरे स्थान पर रहे। वहींए तीसरे दिन वर्तनी प्रतियोगिता में अंग्रेजी के जटिल व क्लिष्ट शब्दों की प्रश्नोत्तरी में सतलज ने 80 अंकों के साथ पहलाए 70.70 अंकों के साथ चेनाब व गंगा ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा 65 अंक लाकर रावी सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**भारती साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी**

**बोकारो।** भारती साहित्य परिषद बोकारो द्वारा तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित काव्य गोष्ठी शुरूआत मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता संरक्षक सुखनंदन सिंह सदय अध्यक्ष शिव कुमार सिंह महामंत्री डॉ नर नारायण तिवारी व उपस्थित कवियों द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी है।

## थाना प्रभारी का स्वागत

**बेरमो।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के नेता ललन कुमार मल्लाहए भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री संत सिंहएसमाज सेवी शंकर दिगारए भोला भारतीए मनोज कुमारए सूरज दिगारए राधेश्याम दिगार ने नए थाना ने बेरमो के नव पदस्थापित थाना प्रभारी अशोक कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ईचाक**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोपी राम, पिता– स्व0 भीखू राम, ग्राम– अलौंजाखुर्द, पंचायत– अलौंजाखुर्द, प्रखण्ड ईचाक, जिला– हजारीबाग का मृत्यु प्रमाण पत्र जिसका पंजीकरण संख्या– JHDC/2018/23442 पंजीकरण दिनांक 28/05/2018 तथा निर्गत तिथि 28/11/2018 है, को माननीय सिविल न्यायालय हजारीबाग, के आदेश दिनांक 24/09/2022 के आलोक में जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा– 15 एवं झारखण्ड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियामवली, 2009 के धारा– 11 के तहत रद्द किया जाता हैं।

निबंधक–सह–
पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत– अलौंजाखुर्द।

प्र0 प्रखण्ड सांख्यिकी
पर्यवेक्षक
प्रखण्ड– ईचाक।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
प्रखण्ड ईचाक।

PR 305671 Rural Development(23-24).D

## मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह की सोच दूरदर्शी : पूर्णिमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मिशन एयरपोर्ट की टीम सांसद धनबाद,बाघमारा विधायक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष से होते हुए झरिया की जुझारू, विधायिका सह सचेतक झारखंड सरकार की युवा विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह से मिशन एयरपोर्ट के उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ब्रोका के नेतृत्व में उनके आवास रघुकुल सरायढेला में मिलकर वार्तालाप कर ज्ञापन सौंपा। विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह ने मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह के लोगों की बातों को धैर्य पूर्वक सुना। उन्होंने कहा किसी जगह के नेता, जनता को दूरदर्शी, विजनरी होना चाहिए। मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह की सोच दूरदर्शी है और ये बहुत ही सुखद अहसास है की कोई धनबाद के सर्वांगीण विकास के लिए इतना प्रयत्नशील है। मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह के सारे सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद। इतनी दूर की सोच रखने के लिए फिर कही बातों का बिंदु वार जबाब दिया। उन्होंने हर संभव मदद और साथ देने का आश्वाशन दिया। बलियापुर और तोपचांची दोनो स्थानों पर संभावना को ध्यान रखते हुए अवलोकन करेंगे इस विषय पर मुख्यमंत्री से वार्ता करूंगी और जरूरत पड़ी तो उड्डयन मंत्री से भी मांग को गंभीरता से रखूंगी कि धनबाद मे एयरपोर्ट बने। इसका प्रस्ताव पारित हो। एक बार ये अनुशंसा हो जाती है कि एयरपोर्ट यहां बनेगा। और सरकार इसको हां बोल देती है। बस जनता का काम खत्म। उसके बाद पैसा कहा से आएगा, जमीन उपलब्ध कैसे कराई जायेगी। ये सब बात सरकार पर छोड़ दें। मिशन एयरपोर्ट के उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ब्रोका ने बताया कि टाटा एयरपोर्ट के लिए टाटा कम्पनी साथ दे रही है। बोकारो एयरपोर्ट के लिए बोकारो स्टील साथ दे रही है। तो धनबाद मे बीसीसीएल सीएमडी से सारे जनप्रतिनिधि, जनता मिले और दवाब बनाए। धनबाद डिजर्व करता है एयरपोर्ट के लिए सभी आहताओं को पूरा करता है।



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करतीं झरिया विधायक।

**मुहिम की सफलता के लिए लगायें जोर**

मिशन एयरपोर्ट के सचिव अनिल जैन ने कहा मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह चाहती है कि सारे जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, जागरूक होकर तथा जनता मिलकर जोर लगाए ताकि ये मुहीम सफलता को छुए। मिशन एयरपोर्ट के कोषाध्यक्ष सोमनाथ मूर्ति ने डीएमएफटी फंड का उपयोग एयरपोर्ट के लिए करने का अनुरोध किया। उपस्थित लोग में प्रभात सुरोलिया, अनील मुकीम, संजय कथूरिया, इमरान मलिक, चंदन सिंह, चंदन दत्ता , राकेश कुमार आनंद, अभिषेक सिन्हा, इत्यादि उपस्थित थे ।

**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

(01/2023–24)

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में डोर–टू–डोर (गीला एवं सूखा) अपशिष्ट संग्रहण एवं साफ–सफाई संबंधित संपूर्ण कार्य, जिसमें ट्रांसपोर्टेशन, गीले एवं सूखे कचरे का अलग–अलग संग्रहण आदि से संबंधित कार्य हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत साफ–सफाई | 5000.00 | 50000.00 |

1. प्री–बिड मीटिंग तिथि :– 05.09.2023 अप0 2:00 बजे से
2. दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय :– 16.09.2023 अप0 2:00 बजे तक
3. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.09.2023 अप0 03:00 बजे से।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
7. निविदा संबंधित जानकारी हेतु संपर्क सूत्र :– 9234256280
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 305668 Urban Development (23-24)_D

# सावन की अंतिम सोमवारी पर भद्रकाली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सावन की अंतिम सोमवारी पर शहर के सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोगों का मंदिरों में आना प्रारंभ हो गया है। लोगों ने भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। अंतिम सोमवार व्रत को सावन मास की पुत्रदा एकादशी का व्रत भी रखा गया। भगवान शिव के साथ-साथ भगवान विष्णु की पूजा भी की गयी। भगवान शिव के प्रिय मास सावन के आखिरी सोमवार को जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। यह स्थिति प्राय सभी शिव मंदिरों में देखने को मिली। भक?तों ने भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। श्रद्धालु भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित सहस्त्र शिवलिंग शिवालय पहुंचे और जलाभिषेक किया। इस पावन मौके पर हजारों भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। सारे दिन महादेव का दरबार हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। सहस्त्र शिवलिंग महादेव का दूध व जल से अभिषेक करने की भक्तों के बीच होड़ मच गई। दोपहर तक सहस्त्र शिवलिंग महादेव को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। अत्यधिक भीड़ होने की वजह से भक्तों को कतार में लगकर बाबा का जलाभिषेक करना पड़ा। सहस्त्र शिवलिंग महादेव का दर्शन करने के पश्चात श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर परिसर में अवस्थित मां भद्रकाली, राम जानकी, विश्वकर्मा, पंचमुखी हनुमान, शनि देव महाराज के मंदिर में भी जाकर दर्शन पूजन किया। भक्तों की भीड़ की वजह से पूरे दिन मंदिर परिसर गुलजार रहा।

## श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को शिव भक्तों की उमड़ा जनसैलाब



**कुंदा चतरा।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को लेकर पर्यटक स्थल महादेव मठ स्थित शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। मंदिर में शिव भक्तों ने बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा हालांकि शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं।

महादेव मठ पुजारी महाराज जी ने बताया कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है। सावन के सोमवारी में भगवान शिव का चंद्रशेखर स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना गया है। इस पाठ के करने से चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है । साथ ही चंद्र ग्रह मजबूत होता है। इसलिए महिलाएं सबसे ज्यादा बढ़-चढ़कर श्रावण मास में क्या लेती है और उपवास भी रखकर अपने अपने पूरे परिवार को लिए मंगलमय की कामना करते हैं। इधर, प्रतापपुर के शिव भक्तों ने गाजे बाजे के साथ अमझर नदी से कलश में जल भरकर प्राण प्रतिष्ठा के साथ डीजे के साउंड पर बोल बम का नारा है बाबा एक शहर का नारा वह जय श्री राम का लगाते हुए ऐतिहासिक स्थल बाबा भोलेनाथ के शिवालय पर जल अभिषेक किया इधर समाजसेवी लवकुश कुमार गुप्ता ने सभी शिव भक्तों के लिए चीनी शरबत का स्टॉल लगाया गया।

स्पीड न्यूज

## ग्रिजली विद्यालय के छात्रों का राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने 23वीं झारखण्ड राज्य सुब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम पुरे राज्य में रौशन किया है। छात्रों ने 17 स्वर्ण पदक तथा 8 रजत पदक अपने नाम किया है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में हिमांशु कुमार, संगीत कुमार, मुकेश कुमार, अभिकान्त कुमार, तेजश यादव, उज्जवल राज, कौशल मंडल, दिवाकर यादव, मयंक यादव, आयुष रंजन, राज प्रजापति, सौरव कुमार यादव, पियूष कुमार यादव, दिव्यांशु कुमार यादव, कुमार आदित्य प्रताप, सूरज कुमार, अमलेश कुमार शामिल है। वहीं रजत पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में बीरा यादव, दिलनवाज शेख, जिष्णु पासवान, मयंक कुमार, सिद्वांत अर्णव, पार्थ सिंह, उज्जवल रॉय, अक्षत गुप्ता शामिल है। धनबाद ताइक्कांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने कोच दिलीप कुमार तथा टीम मैनेजर भुनेश्वर दास के साथ भाग लिया था। छात्रों की इस सफलता पर निदेशक मनीष कपिसमे, अविनाश सेठ, सीइओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, अमित दास ने सभी सफल छात्रों एवं उनके कोच दिलीप कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने किया राखी व मिठाई का वितरण



राखी वितरण करते संस्था के लोग

**गढ़वा।** कन्या विवाह और विकास सोसाइटी के तत्वावधान में सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर सदर प्रखंड के तिलादाग गांव में गरीब व जरूरतमंद बहनों के बीच राखी व मिठाई का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि संस्था के रक्षाबंधन के अवसर पर घर-घर जाकर राखी व मिठाई का वितरण किया जा रहा है। ताकि बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाधंकर मिठाई खिला सके। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या को रोकना है। इसी को देखते हुए छह दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इसी को लेकर संस्था के द्वारा गांव-गांव में जरूरतमंद बहनों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में कन्याओं को विदाई सामग्री देकर विदाई कराई जाएगी। इार तिलदाग गांव में राखी व मिठाई वितरण के दौरान बहनों ने कहा कि इससे पहले किसी संस्था के द्वारा या किसी नेता के द्वारा इस तरह का पहल नहीं किया गया था।

## जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न खेलों का होगा आयोजन

**कोडरमा।** जिला प्रशासन द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को प्रातः 8 बजे से जिले के सीएच स्कूल मैदान में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर विजेताओं को पुरस्कृत करेगी। यह आयोजन खेल विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी प्रातः 8 बजे आयोजन स्थल में पहुंच कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

## राम यादव बने आप पार्टी युवा विंग के जिलाध्यक्ष

**कोडरमा।** आम आदमी पार्टी जिला इकाई की बैठक एक्सीलेंट होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दामोदर यादव ने किया। बैठक में आम आदमी पार्टी में कई लोग शामिल हुए। जिसमें अधिवक्ता विनय वर्मा, पूर्व सीपीएम कार्यकर्ता केदार दास, अभिजीत कुमार, वीरेंद्र यादव, शुभम राणा, कमलदेव यादव, आशीष कुमार, धीरज यादव, आनंद यादव के नाम शामिल है। बैठक में सर्वसम्मति से राम यादव जयनगर निवासी को आम आदमी पार्टी का युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया। वहीं नवनिर्वाचित जिला युवा अध्यक्ष राम यादव ने कहा कि पूरे जिला में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को तेज किया जाएगा।

## मुखिया ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



शिलान्यास करती मुखिया

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के करमडीह पंचायत क्षेत्र के चंदना गांव में एक लाख 91 हजार रूपये की लागत से बनने वाली नाली निर्माण का शिलान्यास पंचायत की मुखिया मोसर्रत जहां एवं उप मुखिया नंद देवराम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया ने बताया कि चंदना गांव में 15वें वित्त के द्वारा सदीना बीवी के घर से वहाब खान के घर तक नाली का निर्माण किया जा रहा है। मुखिया ने नाली निर्माण कार्य करा रहे संवेदक डॉ मुजहीदुद्दीन खान को निर्देश देते हुए कहा कि नाली निर्माण के क्वालिटी में किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। प्राक्कलन के अनुसार नाली का निर्माण कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायत में विकास के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित हूं।

# अंतिम सोमवारी पर झांकी एवं गाजे बाजे के साथ निकाली गई जल यात्रा



जय यात्रा में झांकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के तमाम हिंदू बहुल इलाकों में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी शिवालियों को दुल्हन की तरह सजाया गया। हर हर महादेव एवं बोल बम के नारों की गूंज से सारा इलाका भक्तिमय हो गया। इार नगर पंचायत क्षेत्र के ब्लक रोड स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर से राा ष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में भगवान भोलेनाथ की जीवंत झांकी एवं गाजे बाजे के साथ जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा शिव मंदिर से निकलकर ब्लक रोड तीन मुहान होते कोयल नदी के बैलगाड़ी घाट पर पहुंचा। उसके पश्चात विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रों का आह्वान कर कलशो में पवित्र जल भरा गया। उसके पश्चात हजारों की संख्या में जल यात्रा में शामिल श्रद्धालु शिवालय आकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालु डीजे की धुन पर हर हर महादेव, बम बम भोले के धुन पर थिरकते नजर आए। जिससे पूरा इलाका हर हर महादेव के नारों के गूंजायमान हो गया। जल यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर के कमेटी के तमाम सदस्यों के अलावे आम अवाम का सराहनीय सहयोग रहा।

## जिपस रंजनी ने शिव भक्तों को कराया जलपान



शिव भक्तों को जलपान कराती रंजनी शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शिव पहाड़ गुफा मंदिर समिति के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने शिव भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की। उन्होंने केतार मुख्य मार्ग बरवारी मेलवान मोड़ स्थित दूधमनिया यात्री शेड के समीप तथा शिव पहाड़ी गुफा मंदिर के प्रांगण में कांवड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था कर उन्हें अपने हाथों से जलपान करायी। इस दौरान शिव भक्तों की सेवा में जिला परिषद सेवा समिति एवं अन्य समाजिक संगठनों के साथ-साथ अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर, ग्राम विकास समिति के प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश गुप्ता, राजमोहन यादव, युवा जागृति सेवा परिषद के संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता, उमेश सिंह, सुरेंद्र पाल, संतोष कुमार यादव, लोकेश यादव, अनिरुद्ध चंद्रवंशी, दिलकश कुमार सिंह, बृजेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, रंजू देवी, रीता देवी, संगीता देवी, पुजा देवी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**जयनगर (कोडरमा)।** सावन माह की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान सुबह से ही मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ी, इस दौरान ओम नमः शिवाय हर हर महादेव बोल बम आदि जयकारे लगे। वहीं ज्योतिषाचार्य के मुताबिक सावन महीने में भगवान शिव की पूजा का महत्व है। जिसमें सोमवार को पूजा का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। सावन की अंतिम सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने पदयात्रा किया। जलाभिषेक के दौरान शिव भक्तों ने बडानो उत्तर वाहिनी बराकर घाट से जल उठाकर कटिया स्थित राम जानकी मंदिर में स्थापित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। वहीं प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दौरान प्रशासन भी मुस्तैद दिखे। मौके पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई जयप्रकाश सिंह, दिलीप यादव, हरेंद्र यादव, सुनील यादव, अशोक यादव, आशुतोष राय, महेंद्र राय समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने शिव गुफा में किया जलाभिषेक

**केतार।** प्रखंड के चपरी पंचायत के गोडगवा गांव स्थित में प्राचीन शिव गुफा है। जहां भगवान शिवजी का शिवलिंग है। यह गुफा बहुत अंदर तक है, वहां जाकर लोग पूजा अर्चना करते हैं और अपना मन्नत मांगते हैं। सावन के अंतिम सोमवारी के दिन शिव पहाड़ी गुफा मंदिर समिति के द्वारा कांवड़ यात्रा निकाला गया। कांवड़ यात्रा केतार प्रखंड के पांडा धारा नदी संगम तट से पूजा अर्चना करने के पश्चात कावरियों के द्वारा जल उठाकर शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में जल चढ़ाया गया। इस बीच जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। केतार कोल रोड मोड़ के पास केतार मुखिया प्रमोद कुमार, भगवान घाट के पास कमलापुरी परिवार, केतार मुख्य पथ दुधमनिया घाट स्थित भवनाथपुर जिला परिषद रंजनी शर्मा के सौजन्य जलपान का व्यवस्था किया गया। वहीं भवनाथपुर कर्पूरी चौक के पास सुनील कपड़ा दुकान के द्वारा जलपान की व्यवस्था कराई गई।

# कलश यात्रा के साथ हुआ जलाभिषेक



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सावन के अंतिम सोमवारी पर प्रखंड के समस्त शिवालियों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को फूल बेलपत्र अर्पण कर जलाभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की। अंतिम सोमवारी पर प्रखंड के डाड़ी शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ढोल बाजे और भगवा ध्वज से सजे कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने स्थानीय नदी घाट से जल उठाया और पदयात्रा करते हुए शिव मंदिर पहुंचे और जयघोष के साथ भगवान भोले का जलाभिषेक किया। इसी प्रकार सिमरिया, बगरा, जबड़ा, एदला, पुंडरा, जांगी, पीरी, इचाक, चौपे पंचायतों के समस्त शिवालियों में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। अंतिम सोमवारी पर भवानी मठ, चाडरम मंदिर और दासी पहाड़ी में भक्तों का तांता लगा रहा।

### बच्चों को मिलेगा पढ़ाई का बेहतर माहौल, एक करोड़, आठ लाख की लागत से होगा दो छात्रावास का जीर्णोद्धार

# सुसज्जित होंगे सभी छात्रावास : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपए की लागत से दो छात्रावास का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गढ़वा में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग एक करोड़, आठ लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीति प्रदान कर दी है। जबकि आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नए भवन निर्माण की भी योजना है। शीघ्र ही इसका भी निर्माण कार्य कराया जाएगा। जानकारी देते हुए



गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय में संचालित अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग 56 लाख रुपए तथा अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का जीर्णोद्धार लगभग साढ़े 51 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में संचालित सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार कर उसे सुसज्जित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पिछले करीब 30-40 वर्षों से निर्माण के बाद इन छात्रावासों की ओर किसी का भी यान नहीं गया। इन गरीब बच्चों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो सके यह बात किसी ने भी नहीं सोची। सभी छात्रावासों की स्थिति काफी खराब है। बच्चे इसमें किसी तरह से रह कर पढ़ाई कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल दिया जाए। उन्हें बेहतर एवं सुसज्जित छात्रावास उपलब्ध कराया जाए। ताकि ठीक तरह से उनकी पढ़ाई हो सके। यही कारण है कि मुख्यमंत्री जिस जिले में भी जाते हैं वहां छात्रावास का भ्रमण जरूर करते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में संचालित आदिवासी बालक छात्रावास की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसका जीर्णोद्धार करा पाना संभव नहीं है। इस कारण आने वाले समय में आदिवासी बालक छात्रावास के नए भवन का निर्माण कराया जाएगा। ऐसा प्रस्ताव है। इसका भी निर्माण कार्य यथा शीघ्र ही कराया जाएगा। शिक्षा के संपूर्ण माध्यमों को पूरी तरह से सुदृढ़ बनाया जाएगा।

एक नजर में

## अब मरीजो को समय पर मिलेगी एम्बुलेंस सुविधा: मुखिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा में प्रमुख कमला देवी व मुखिया मनोज कुमार साहू ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही यह एम्बुलेंस आधुनिक सुविधाओं से लैस है ताकी मरीजों को परेशानी न हो। टेक्नीशियन अमरेंद्र कुमार व प्रवीण कुमार ने बताया की यह एम्बुलेंस में मरीजों के लिए तत्काल सभी जरूरत की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। वहीं यह एम्बुलेंस कुन्दा प्रखंड वासियों के लिए वरदान साबित होगी। जिसमें 247 सेवा देगी। वहीं टेक्नीशियन ने यह भी बताया की इस एम्बुलेंस में वातानुकूलित, ऑक्सिजन पोटेबल एवं जम्बू, निमुलाइजर, सक्शन मशीन, पल्स ऑक्सि मीटर, टेम्प्रेचर मशीन, फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध है। इस एम्बुलेंस में 2 टेक्निशियन व 2 चालक 247 मौजूद रहेंगे। बतादें की एम्बुलेंस की मांग पिछले कई वर्षों से यहाँ के ग्रामीण मांग कर रहे थे। एम्बुलेंस का सपना हुवा पूरा। वही प्रखंड वासियों ने सरकार व उपायुक्त से एक नियमित चिकित्सक की मांग करते आ रहे हैं। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, समाजसेवी लवकुश कुमार गुप्ता समेत एएनएम, जीएनएम व कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## वाहन से कुचलकर 14 साल के हर्ष की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी-चतरा पथ में महाने पुल के समीप रविवार की देर रात वाहन से कुचलकर चतरा के 14 वर्षीय बालक हर्ष की मौत हो गई है। हर्ष चतरा के केसरी चौक निवासी महेश उर्फ पप्पू कसेरा का पुत्र था। जानकारी के अनुसार केसरी चौक मोहल्ला के कुछ श्रद्धालु चतरा के कठौतिया शिव मंदिर में जलाभिषेक करने को इटखोरी के महाने नदी से जल लेने के लिए आ रहे थे। श्रद्धालु जिस वाहन पर आ रहे थे उसमें डीजे साउंड बंधा हुआ था। बताया जाता है कि हर्ष वाहन में बंधे डीजे साउंड के ऊपर बैठा हुआ था। इसी दौरान वह डीजे साउंड के ऊपर से नीचे सड़क पर आ गिरा। उसी वक्त वाहन का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना के बाद महाने नदी से जल उठाने के लिए आ रहे श्रद्धालु तथा हर्ष के परिजन घायल बालक को लेकर इलाज के लिए चतरा लौट गए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## समाजसेवी सह भाजपा नेता कालीचरण सिंह को राज्यपाल ने किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के रांची में आयोजित सम्मान समारोह में चतरा के समाजसेवी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कालीचरण सिंह को सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कालीचरण सिंह को राज्यपाल से सम्मानित होने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में कालीचरण सिंह एक अलग पहचान बना चुके हैं। यही कारण है कि आज उन्हें राज्यपाल से सम्मानित किया गया।

सम्मान पाकर कालीचरण सिंह ने कहा कि वे बेहद खुश हैं। आगे भी उनका सेवा निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने महामहिम राज्यपाल को धन्यवाद और आभार प्रकट किया है।

## मैलोडी ग्रुप एवं संगीत कला महाविद्यालय ने मनायी मुकेश की जयंती



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मैलोडी ग्रुप एवं संगीत कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 47वीं पुण्यतिथि टंडवा स्थित शगुन बैंकेट हॉल में मनायी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी राजेश कुमार राय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलख नाथ पांडेय, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास, जीएन कन्वेंट स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, डॉ निशांत सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता दत्त, मैलोडी ग्रुप के निदेशक दया शंकर गुप्ता, समाजसेवी दौलत सोनी आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात स्व. मुकेश को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर डीडीसी ने कहा कि स्व.मुकेश जी मखमली आवाज के जादूगर थे। वैसे तो वे हर तरह के गीत गाकर अपनी गायिकी की अमिट छाप छोड़े है, लेकिन दर्द भरे नग़मों ने स्व. मुकेश जी को विश्व प्रसिद्ध बना दिया। उन्होंने कहा कि यहां के कलाकारों की गायिकी सुनकर ऐसा लगता है कि प्लेबैक सिंगर का गीत सुन रहा हूं। एसडीपीओ ने कहा कि स्व. मुकेश जी के गीत सुनते हुए हमलोग बचपन गुजारे हैं। उनका गीत दिल गुनगुनाते रहता है। अलख नाथ पांडेय ने कहा कि स्व. मुकेश जी बारे में कुछ भी कहना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। इस दौरान अनिता दत्त, ओबैदुल्लाह हक अंसारी आदि ने भी विचार व्यक्त किया। सुधांशु कुमार, कृति कुमारी, बसंत कुमार, पूर्णिमा कुमारी, दया शंकर गुप्ता, विजय प्रताप देव, मोहित केशरी, आकांक्षा कुमारी, श्यामलता, धनंजय कुमार पांडेय, किशोर अम्बष्ठ, ऋतु सिन्हा, अमित कुमार, प्रत्यूष पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, पूर्णिमा कुमारी, सरिता कुमारी आदि ने गीत गाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी, पूनम श्री, कपड़ा बैंक संचालक शौकत खान, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता आदि लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, राशन कार्ड, सार्वजनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का बीईईओ ने किया उद्घाटन

**बासल (रामगढ़)।** लबगा पंचायत स्थित रसदा ग्राम में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नन्हे कदम ए प्ले स्कूल का सोमवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन बीईईओ प्रभाकर कुमार, लबगा पंचायत की मुखिया हेमा कुमारी एवं बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने क्षेत्र में बच्चों के लिए ऐसे प्ले स्कूल की कमी को देखते हुए इसका स्वागत किया।

## प्राचीन शिव मंदिर और राजा गोसाई धाम से विशाल कलश यात्रा का आयोजन

**मांडू ।** मांडू डी प्राचीन शिव मंदिर और मांडू चट्टी राजा गोसाई धाम से 28 अगस्त सावन माह की अंतिम सोमवारी के शुभ अवसर पर विशाल कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा मांडू डी शिव मंदिर से मणिपाल स्कूल होते हुए मांडू चट्टी से गुजरते हुए 15 माईल दूधी नदी में विधिवत पंडित वीरेंद्र पांडे, अरविंद पांडे,छोटू पांडे, अभिषेक पांडे द्वारा पूजा अर्चना करवा कर कलश में जल भरकर पुन: प्राचीन शिव मंदिर स्थल पहुंचकर और राजा धाम स्थल पहुंचकर पूरे शिव मंदिर और राजा गोसाई धाम में प्राण प्रतिष्ठा मूर्तियां को विधि पूर्वक जलाभिषेक कराया गया ।

## खेल भी बनाता है करियर : सतीश सिन्हा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेन्ट्रल सौंदा ग्राउंड में चल रहे तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का रविवार की शाम फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच रेलीगढ़ा बनाम सौंदा के बीच खेला गया। जिसमें रेलीगढ़ा की टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए टुनार्मेंट को जीत कर फाइनल कप पर कब्जा जमा लिया। इसके पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू नेता सह अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता देवेंद्र सिंह, आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, झामुमो नेता उदय मलाकर एवं आजसू प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र मेहता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विजेता टीम को विनर ट्रॉफी के साथ नकद 20 हजार रुपए और उपविजेता टीम को रनर ट्रॉफी के साथ नकद 11 हजार रुपए एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को नकद 5 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर अतिथियों ने पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्य अतिथि सतीश सिन्हा ने कहा की क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नही है सिर्फ तराशने की जरूरत है।

**गुस्से में गजराज** चंदवा के चकला अरंडियाटांड में जंगली हाथियों के झुंड ने महिला को पटक कर मार डाला

# चंदवा में खूंखार होते जा रहे हैं जंगली हाथी, वन विभाग निष्क्रिय

➲ भागने के क्रम में मृतका का पति भी हुआ घायल

➲ हाथियों के झुंड ने कई घरों को भी किया ध्वस्त, फसलों को भी किया नष्ट, ग्रामीणों में दहशत



आक्रोशित लोगो के साथ वार्ता करते रेंजर।



शव के साथ विरोध जताते ग्रामीण।

## वन विभाग की शिथिल कार्यशैली को लेकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, काटा बवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हांथीयों का आतंक बदस्तूर जारी है। क्षेत्र में लंबे समय से डेरा जमाए जंगली हाथियों का झुंड अब खूंखार रूप धारण करते जा रहा है, वर्ष 2023 में ही अबतक जंगली हाथियों के झुंड ने आधा दर्जन से अधिक लोगो की जान ले ली है वहीं वन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठी है। ताजा मामला प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत अरंडियाटांड गांव से आया है, जहां रविवार की देर रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने एक महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। मृतका महिला की पहचान बरिया टाना भगत पति रामदेव टाना भगत के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे अचानक जंगली हाथियों का झुंड गांव में आ धमका व फसलों व घरों को नष्ट करने लगा, जंगली हाथियों के झुंड के गांव में प्रवेश करने के बाद अफरा-तफरी मच गई व लोग हाथियों के झुंड को गांव से दूर भागने का प्रयास करने लगे, इसी क्रम में घर के बाहर कुछ आवाज सुनकर मृतका महिला व उसका पति घर बाहर आ गए व मृतका हाथ जोड़कर जा गणेश देवता जा भगवान..... कह कर हाथियों के झुंड से जाने की मिन्नतें करने लगी। इसी क्रम में आवाज सुनकर झुंड उनकी ओर आने लगे, जिसे देखकर महिला व उसका पति भागने लगे, लेकिन महिला गिर गयी, जिसके बाद जंगली हाथी नजदीक आकर महिला को पटककर कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं हाथियों के झुंड से बचकर भागने के प्रयास में मृतका का पति रामदेव टाना भगत भी गिरकर घायल हो गया। इस दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने भुक्तभोगी रामदेव टाना भगत के अलावे बालेश्वर भगत, लच्छु भगत, सधना भगत समेत कई ग्रामीणों घरों व फसलों को भी क्षति भी पहुंचाया है। जिससे ग्रामीण भयभीत नजर आ रहे हैं। इधर सूचना के बाद पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का, व वन विभाग की टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे।

वन विभाग की टीम के गांव पहुंचते ही ग्रामीण उग्र हो गए व जमकर रोष प्रकट करते हुए प्रशासन को शव ले जाने से रोक दिया। ग्रामीण वन विभाग के डीएफओ व रेंजर को गांव बुलाने की मांग करने लगे। जिसके बाद रेंजर राकेश कुमार गांव पहुंचे व ग्रामीणों की मांगों को सुना, ग्रामीणों के रोष प्रकट करते हुए रेंजर को खरी खोटी सुनाई, कहा कि गांव में जंगली हाथियों के झुंड के आ जाने के बाद मुसीबत के समय मे वन विभाग को ग्रामीण जब फोन करते हैं तो न कर्मी और न ही कोई अधिकारी फोन उठाता है। विभाग के कर्मियों व अधिकारियों के शिथिल कार्यशैली के कारण लोगो को जान माल की क्षति उठानी पड़ रही है। रेंजर के ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपसभी की मांगों से जिले के वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा व जरूरी राहत व बचाव सामग्री भी उपलब्ध करायी जाएगी। इस दौरान रेंजर राकेश कुमार ने मृतक के परिजनों को तत्काल 40 हजार रुपये का सहायता राशि प्रदान किया, वहीं कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद और 3 लाख 60 हजार रुपये परिजनों को देने की बात कही।

# राशन नहीं मिलने से परेशान ग्रामीणों ने प्रखंड का किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** नवनिर्मित प्रखंड सरयू के नयकी डबरी के सैकड़ों ग्रामीण अगस्त माह का राशन नहीं मिलने के कारण सोमवार को गारू प्रखंड कार्यालय में धरना पर बैठे रहे। ग्रामीणों का कहना है की राशन पहले चंद्रमुखी स्वयं सहायता समूह से मिलता था, जबकि बाद में अन्य डीलर वितरण करने लगा। ग्रामीणों नें आरोप लगाया की सितम्बर 2022 का राशन अब तक वितरण नहीं हुआ है। जबकि जनवरी, फरवरी और मार्च 2023 में मुप्त वितरण करने का आदेश था लेकिन डीलर द्वारा पैसा लिया गया। अभी अगस्त महीने का राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों नें डीलर से पूछताछ किया तब डीलर नें बताया कि आपलोगों का इस महीने का आवंटन ही नहीं मिला है। राशन नहीं मिलने के कारण भुखमरी की स्थिति में सैकड़ों ग्रामीणों नें आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय के पास धरना पर बैठ गये। वहीं मामले पर आपूर्ति पदाधिकारी शंभू राम नें बताया की चंद्रमुखी समूह के पास 38 क्विंटल 58 किलोग्राम चावल तथा 11 क्विंटल 99 किलोग्राम गेहूं वितरण नहीं हो पाया है। यही वजह है की अगस्त महीने का आवंटन ग्रामीणों के लिए नहीं मिला है। वहीं चंद्रमुखी समूह जन वितरण दुकानदार का कहना है की मुझे जो आवंटन मिला था हमने वितरण कर दिया था। रिकॉर्ड मिलान के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। एक ओर सरकार जहां भुखमरी से निपटने के लिए अनेक योजनाएं चल रही है वहीं मिलने वाला अनाज सिस्टम के भेंट चढ़ जा रहा है। लाभुक गोरी देवी, घुलतू राम, महेन्द्र सिंह, रामकेश्वर सिंह, किसुन उरांव, धनेश्वर सिंह, राजकर्म सिंह, रितु सिंह, रामप्यार नायक नें बताया की गांव में राशन नहीं मिलने से भुखमरी का भय सता रहा है। यही वजह है कि सैकड़ो ग्रामीण आज धरना देने के लिए विवस हुए। यदि अगस्त महीने का राशन इस सप्ताह के अंत तक नहीं मिला तो लातेहार समाहरणालय के बगल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



प्रखंड कार्यालय के बाहर बैठे ग्रामीण।

## एक नजर में

### सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया ने दो मुख्य सड़को के निर्माण को लेकर बीडीओ को सौंपा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया अभय कुमार ने पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्र के आलोक में अपने पंचायत अंतर्गत दो मुख्य सड़कों के निर्माण डीएमएफटी फंड से कराने को लेकर पंचायत सेवक के माध्यम से बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपा है। सौंप गये ज्ञापन में मुखिया अभय कुमार ने कहा है कि सीसीएल सौंदा पंचायत की दो मुख्य सड़क कई दशको से जर्जर एवं उपेक्षित पड़ा है। जबकि यहां की आबादी के लिए आने-जाने का यही मुख्य मार्ग है। सड़क के जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रासबिहारी राय के हनुमान मंदिर से लेकर शिव मंदिर होते हुए बिल्लू सिंह के घर तक और सीसीएल सौंदा पंचायत भवन से लेकर नलकारी नदी पर पुलिया सहित बुढ़वा महादेव मंदिर तक डीएमएफटी फंड से पीसीसी पथ का निर्माण कराने की मांग की है। मुखिया श्री कुमार ने बीडीओ से दोनो जगह पर पीसीसी पथ का निर्माण कराकर जनता के हितों का ख्याल रखने का आग्रह किया है। ताकि आमजनो को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### कुजू में सावन माह के अंतिम सोमवारी को लेकर निकाली गयी भव्य जल यात्रा



जल यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**कुजू।** कुजू शिव मंदिर में सावन माह के अंतिम सोमवारी के अवसर पर जलाभिषेक को लेकर प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना से बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद व कुजू कोयलांचल के सनातनियों द्वारा भव्य जल यात्रा निकाला गया। इस दौरान सभी जलयात्री टूटी झरना मंदिर पहुंचे। जहां पंडित बालेश्वर पांडेय व बबलू पांडेय द्वारा यजमान बने प्रदीप केसरी, टिंकू केसरी, दिनेश केसरी सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद जल यात्रा में शामिल करीब 5 हजार श्रद्धालुओं के कलशों में जल को भरा गया। जहां से गाजे-बाजे के साथ जल यात्रा का शुभारंभ हुआ। जल यात्रा सांडी, नयामोड़, डटमा मोड़ होते हुए कुजू शिव मंदिर पहुंचा। यहां सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोले का जलाभिषेक किया। जल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के विभिन्न देवी-देवताओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। जल यात्रा में दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, पश्चिमी मुखिया बूच ओझा, पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, अर्जुन मेहता, अरविंद साहू, रवि साहू, विकास सिंह, शिव मेहता, संतोष मेहता, अमित केसरी, सनी वर्मा, विश्वजीत, नीरज झा, आकाश सिंह, सुनील मेहता, ऋषभ सहाय, श्रवन शाह, सूरज, गोलू सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### पांच सूत्री मांग को ले अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ व प्रबंधन के बीच हुई वार्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ की पांच सूत्री मांग-पत्र के आलोक में सोमवार को सयाल परियोजना पदाधिकारी के साथ वार्ता हुई। वार्ता में पांच-सूत्री मांगों से संघ ने प्रबंधन को अवगत कराया। जिसपर सयाल पीओ सुबोध कुमार ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान पीओ ने कहा कि जिन विस्थापितों की जमीन अधिग्रहित हुई है वे दस्तावेज के साथ आवेदन दें। इसके बाद क्रियांवति किया जायेगा। सेल को लेकर उन्होंने कहा कि अभी तक कोई सेल समिति नहीं बना है। जब तक ग्रामीण एक होकर नहीं आते तब तक सेल नहीं चलेगा।

### प्रयागमय है वह स्थान जहां शिवपुराण की होती है कथा: पंडित राम कुमार पाठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित प्राचीन मां शीतला मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय महा शिवपुराण कथा का सोमवार को भव्य भंडारा के साथ समापन हो गया। इस दौरान कथा वाचक व मुख्य आचार्य पंडित रामकुमार पाठक ने सात दिनो तक कथा का वाचन करते हुए इसके प्रभाव व महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। उन्होने बताया की महा शिवपुराण की कथा जिस भी स्थान पर होती है वो स्थान प्रयागमय हो जाता है। श्रावण माह के अंतिम सोमवारी को लेकर 108 पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक रुद्रभिषेक के साथ हवन-पूजन आदि धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन हुआ।

### बालिका उच्च विद्यालय के पूर्व सचिव बैजनाथ प्रसाद गुप्ता की मनायी गयी प्रथम पुण्यतिथि

**कुजू।** बालिका उच्च विद्यालय कुजू के संस्थापक सह पूर्व सचिव स्व बैजनाथ प्रसाद गुप्ता की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मौजूद प्रधानाध्यापक, शिक्षक, छात्राओं ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। मौके पर प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बैजनाथ प्रसाद गुप्ता द्वारा विद्यालय में दिए गये योगदान को याद करते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा के लिए इस क्षेत्र में एक धरोहर खड़ा किए। वर्ष 1985 से बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने का प्रयास किए।

## मनिका प्रखंड में वन जीवन ग्रामीण विकास समिति के द्वारा साइकिल रेस का आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में वन जीवन ग्रामीण विकास समिति एवं स्विच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त माध्यम से दिन रविवार को पर्यावरण को बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर ग्लोबल साइकिल राइड का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। संबोधित करते हुए संस्था के सचिव महेंद्र सिंह ने कहा की पृथ्वी पर पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए दो पहिया साइकिल उपयोग करें। वहीं वन जीवन ग्रामीण विकास समिति के जिला कोऑर्डिनेटर विश्वनाथ महतो ने कहा कि साइकिल के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ग्लोबल साइकिल राइड का आयोजन जरूरी है। साइकिल चलाने से पर्यावरण पर प्रदूषण बहुत ही कम हो जाता है। साइकिल चलाना परिवहन का एक सरल विश्वसनीय और पर्यावरण अद्भुत तरीका है। वहीं परिमल फाउंडेशन के मोहम्मद शमीम अख्तर, पंचायत समिति सदस्य उषा देवी ने भी संबोधित किया। मौके पर पिरामल के. अख्तर, गांधी फेलो, रामप्रसाद सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।




रेस में शामिल प्रतिभागी।

➲ पृथ्वी पर पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए दो पहिया साइकिल का करें उपयोग : विश्वनाथ महतो

## बालूमाथ के विशनपुर में जंगली हाथियों के झुंड ने 5 घरों को किया ध्वस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंग लोइया पंचायत के विशनपुर ग्राम में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए पांच ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की तेरह से संख्या में पहुंचे हांथीयो के झुंड ने ललन वर्मा, विनोद वर्मा, विकास प्रजापति, अमित कुमार वर्मा, किशुन वर्मा के घर को ध्वस्त कर दिया एवं घर में रखा हुआ चावल धान,महुआ समेत खाने पीने का सामान चट कर गए। इसके अलावा घर में रखा हुआ कई सामान बर्तन अनाज पलंग बक्सा को तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा घटना स्थल पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और मदद का भरोसा दिया। मौके पर बोलते हुए प्रियंका कुमारी ने कहा कि जंगली हाथियों द्वारा लगातार ग्रामीणों के घरों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीड़ित परिवारो के पास सर छुपाने के लिए घर भी नहीं बचा है। ऐसे में वन विभाग तत्काल मदद करें। और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देते हुए खाने पीने का सामग्री उपलब्ध कराए। ज्ञात होगी बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों जंगली हाथियों के झूड ने उत्पात मचा रखा है एक सप्ताह के भीतर 20 से अधिक घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे पीड़ित परिवारों के पास सर छुपाने के लिए जगह भी नहीं बची है। वन विभाग की टीम हाथियों को खदेड़ने के दिशा में कोई सार्थक कदम उठाती भी नहीं दिख रही है। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## कुंदुवाही पूल के पास दर्जनभर गाड़ियों से भीषण लूट, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा-लातेहार सीमाने पर स्थित सिकनी कोलियरी के समीप लगभग एक दर्जन की संख्या में हथियारों से लैस अपराधियों ने रविवार की रात्रि 1 दर्जन गाड़ियों से भीषण लूट कांड को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि सीकनी कोलियरी के बगल से रिचुघीटा लातेहार जाने वाले पथ पर स्थित केंदुवाही पुल के समीप रविवार की रात्रि लगभग एक दर्जन की संख्या में अज्ञात लुटेरों ने घात लगाकर रिचूधूटा रेलवे स्टेशन से ड्यूटी कर वापस घर लौट रहे मांल्हन पंचायत के केकराही ग्राम निवासी पिंटू गंझु से उसकी बाइक होंडा शाइन जे एच 01एफ बी 2551 लूट ली। इसके अलावा एक बेलेनो कार सवार से सोना का चैन एवं 10000 नगद लूटे है। बताया जाता है कि चोरों के द्वारा लगभग 10-12 गाड़ियों से लूटपाट की गयी है। इस दौरान लुटेरों को इस लूट में लगभग 60-70 हजार रुपए की संपत्ति हाथ लगी है। लुटेरों ने टीटीआईपीएल कंपनी के मोहम्मद शाहिद एवं विवेक कुमार के साथ मारपीट भी की है। इनमें मोहम्मद शाहिद की हालत खराब होने के कारण उसे लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पिंटू गंझु ने चंदवा थाने को दी है। वहीं अन्य भुक्तभोगियों के द्वारा अभी तक थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

## बारियातू ब्लॉक में जिला परिषद सदस्य कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# जन समस्या निष्पादन के लिए के लिए खुला है कार्यालय: पुनम देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को जिला परिषद सदस्य कार्यालय का उद्घाटन जिप अध्यक्ष पूनम देवी, बारियातू जिप सदस्य रमेश राम, बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बालूमाथ जिप सदस्य प्रियंका देवी, लातेहार जिप सदस्य बिनोद उरांव, मनिका जिप सदस्य सम्पतिया देवी, बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोचार के साथ द्वीप प्रज्जवलित व फिता काटकर किया। जिप सदस्य कार्यालय उदघाटन के पश्चात मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, सेवा नृवित शिक्षक बालदेव प्रसाद, समाजसेवी गौतम सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव ने संबोधित करते हुए अपना-अपना विचार व्यक्त किया वहीं जिप अध्यक्ष पूनम देवी व लातेहार पूर्वी जिप सदस्य बिनोद उरांव ने कहा कि जन समस्या निष्पादन के लिए जिला परिषद सदस्य कार्यालय का उदघाटन किया जा रहा है। प्रखंडवासियो के लिए यह वरदान साबित होगा। प्रखंड प्रशासन व जन प्रतिनिधि समन्वय बनाकर आम जनो की समस्या समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे किसी भी तरह का समस्या हो तो आप अपने क्षेत्रीय भाषा मे निर्भीक होकर समस्या रख सकते हैं' वहीं लगातार हाथियों की झुंड द्वारा लगातार आतंक से हो रहे बेघर के संबंध मे प्रखंड प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा की क्षेत्र मे हाथियों की झुंड द्वारा घर तोड़फोड़ व अनाज खाकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है. वैसे पीड़ित परिवारों को तत्काल खाने के लिए राशन एवं बेघर होने से बचाने के लिए आवास मुहैया कराकर राहत दिया जाय। वहीं बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा की प्रशासनिक व्यवस्था और जन तांत्रिक व्यवस्था दोनों मिलकर कार्य करेंगे तभी विकास सम्भव है। एक दूसरे का आरोप प्रत्यारोप से विकास मे बाधा पहुंचती है। हमें पूरा आशा ही नहीं बल्कि विश्वास है की आने वाले समय मे प्रखंड क्षेत्र मे कुछ और बेहतर होगा। मौके पर संसाद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवनन्दन साव, मंडल मंत्री निरंजन राम, के अलावा अशोक साव, मुखिया केदार गंझु, सुरेश उरांव, तेतरी देवी, सकीन्दर राम, जीतेन्द्र सिंह जीवन, सुरेश सिंह, नरसिंह सिंह, महेश पासवान, विनय सिंह सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के साथ साथ कई अन्य मौजूद थे।



कार्यालय का उद्घाटन करते अतिथ।

## वीर बुधु भगत फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड के पल्हेया पंचायत स्थित सतकडरी खेल मैदान में वीर बुधु भगत फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह के द्वारा फीता काटकर व फुटबॉल को किक मारकर किया गया। मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बारी बारी परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों को पूरे लगन और मेहनत के साथ खेलने को कहा उन्होंने टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष, सचिव और वहां पर उपस्थित सभी खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों को खेल के प्रति हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, वृन्दबिहारी प्रसाद यादव, रवींद्र राम, सुरेंद्र भारती, ओम प्रकाश यादव, प्रेम सिंह, पूर्व मुखिया सुरेश सिंह, अंजू यादव, लालू यादव, बिजेंदर यादव, वीरेंद्र यादव, जय मंगल उरांव, कृष्ण उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।



खिलाड़ियों के साथ उपस्थित लोग।

